1. निम्नांकित में किसने मूल रूप से 'टर्नपाइक प्रमेय' का प्रतिपाद किया ?
(a) डार्फमैन, सैम्युएलसन एवं सोलो
(b) रैडनर
(c) कुपमान्स
(d) वान न्यूमैन एवं मर्गेन्स्टर्न

2. पश्चगामी एवं अग्रगामी संयोजन (Linkages) निम्नांकित में किस प्रकार की संवृद्धि रणनीति के लिए प्रासांगिक है ?
(a) असंतुलित संवृद्धि
(b) अधोरिसाव (Trikle down) संवृद्धि
(c) संतुलित संवृद्धि
(d) साम्य संवृद्धि

3. 'श्रम की आरक्षित सेना' का उपयोग निम्नांकित में से किस अर्थशास्त्री द्वारा किया गया है ?
(a) जे. शुम्पीटर (b) जे.आर. हिक्स
(c) काल मार्क्स (d) टी.आर. माल्थस

4. निम्नांकित में से किस उत्पादन फलन में हैरोड-तटस्थ तथा हिक्स-तटस्थ दोनों तकनीकी प्रगति को स्वीकार किया गया है ?
(a) कॉब-डगलस (b) सी.ई.एस.
(c) वी.ई.एस (d) इनमें से कोई नहीं

5. निम्नांकित को सुमेलित कीजिए–

| सूची-I (योजना मॉडल) | सूची-II (योजना प्रस्तावकर्ता) |
|---|---|
| (a) बॉम्बे प्लान | 1. श्रीमन नारायण |
| (b) गांधीयन प्लान | 2. एम.एन. राय |
| (c) पीपुल्स प्लान | 3. जय प्रकाश नाराण |
| (d) सर्वोदय उपागम | 4. बिरला एवं टाटा ग्रुप |

निम्नलिखित कूटों में से सही उत्तर का चुनाव कीजिए–

कूट :

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 4 | 1 | 2 | 3 |
| (b) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| (c) | 3 | 2 | 4 | 1 |
| (d) | 1 | 4 | 2 | 3 |

6. निम्नांकित में से कौन 'विशेष श्रेणी का राज्य' (Special Category State) घोषित किए जाने के लिए मानदंड नहीं है ?
(a) अधिक जनसंख्या (b) खराब अवसंरचना
(c) पहाड़ी एवं दुर्गम क्षेत्र (d) अव्यवहार्य राज्य वित्त

7. किसी नियोजन परियोजना की संगतता एवं व्यवहार्यता की जाँच के लिए निम्नांकित में से किस मूल्य का उपयोग किया जाता है ?
(a) बाजार मूल्य (Market Price)
(b) छाया मूल्य (Shadow Price)
(c) प्रशासित मूल्य (Administered Price)
(d) नियंत्रित मूल्य (Controlled Price)

8. निम्नांकित में किस पंचवर्षीय योजना में भारत में पहली बार व्यापक आगत-निर्गत मॉडल का उपयोग किया गया था ?
(a) प्रथम योजना (b) द्वितीय योजना
(c) तृतीय योजना (d) सातवीं योजना

9. निम्नांकित में से किस अर्थशास्त्री ने पुनर्निवेश कसौटी को विकसित किया ?
(a) वॉल्टर गैलेन्सन एवं हार्वे लेबन्स्टिन
(b) ए.के. सेन
(c) मौरिस डॉब
(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

10. निम्नांकित में किसने भारत में विकेन्द्रीकृत योजना के लिए 'क्षेत्र उपागम' की वकालत की ?
(a) डी.आर. गाडगिल (b) के.एन. राज
(c) राज कृष्ण (d) प्रणब मुखर्जी

11. भुगतान संतुलन के पूँजी खाते में निम्नलिखित में किनको शामिल किया जाता है ?
I. विदेशी ऋण
II. विदेशी प्रत्यक्ष निवेश
III. निजी प्रेषण
नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर का चयन कीजिए–
(a) उपर्युक्त सभी (b) I और III
(c) II और III (d) I और II

12. 'उकसाने वाले ऋण' (Teaser loan) के बारे में निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प सही है ?

(a) यह ब्याज की शुरूआती दर होती है

(b) यह दर स्थायी प्रकृति की होती है

(c) (a) और (b) दोनों सही हैं

(d) (a) और (b) दोनों में से कोई भी सही नहीं हैं

13. उत्पादन कार्य में $Q = AL^a K^b$ निम्नलिखित को सुमेलित कीजिए

सूची-I

(a) $a + b = 1$ (b) प्रतिस्थापन की लोच

(c) उत्पादन की श्रम लोच (d) उत्पादन की पूँजी लोच

सूची-II

1. $a$
2. $b$
3. पैमाने का स्थिर प्रतिफल
4. एक

| कूट : | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| (b) | 1 | 3 | 2 | 4 |
| (c) | 3 | 4 | 1 | 2 |
| (d) | 2 | 3 | 4 | 1 |

14. राष्ट्रीय आय मापने की निम्नलिखित में से कौन सी विधि है ?

(a) उत्पादन या मूल्य वृद्धि विधि

(b) आय वितरण विधि

(c) अंतिम व्यय विधि

(d) उपरोक्त सभी

15. उत्पादन में केवल वस्तुओं और सेवाओं का नया उत्पादन ही शामिल करना होता है

(a) उत्पादन में केवल वस्तुओं और सेवाओं का नया उत्पादन ही शामिल करना होता है

(b) स्वयं उपभोग के लिए उत्पादन भी शामिल करना पड़ता है

(c) वित्तीय परिसम्पत्ति की बिक्री उत्पादन में शामिल नहीं करनी होती है

(d) उपरोक्त सभी

16. साधन लागत पर शुद्ध घरेलू उत्पाद ($NDP_{fc}$) को निम्नलिखित में से कैसे ज्ञात करेंगे ?

(a) कर्मचारियों का पारिश्रमिक + किराया + ब्याज + लाभ

(b) कर्मचारियों का पारिश्रमिक + किराया + ब्याज + लाभ + स्वनियोजितों की मिश्रित आय

(c) सकल घरेलू उत्पाद (बाजार कीमतों पर) + अप्रत्यक्ष कर − आर्थिक सहायता

(d) उपरोक्त में से कोई नहीं

17. आय विधि से राष्ट्रीय आय का अनुमान लगाने में निम्नलिखित में से क्या सावधानियाँ बरतनी चाहिए ?

1. सभी साधन सेवाओं का मूल्य शामिल किया जाय चाहे इनके बदले कोई भुगतान हुआ हो या नहीं, या भुगतान नकद हुआ हो या वस्तुओं के रूप में
2. गैर साधन भुगतान शामिल न करें
3. उपहार, दान आदि शामिल न करें

(a) केवल 1 (b) 1 और 2

(c) 1 और 3 (d) 1, 2 और 3

18. बाजार कीमत पर सकल घरेलू उत्पाद ($GDP_{mp}$) निम्नलिखित में से कैसे ज्ञात करेंगे ?

(a) निजी अंतिम उपभोग व्यय + सरकारी अंतिम उपभोग व्यय + सकल घरेलू पूँजी निर्माण + शुद्ध निर्यात

(b) निजी अंतिम उपभोग + सरकारी अंतिम पूँजी निर्माण + शुद्ध आयात

(c) निजी अंतिम उपभोग व्यय + सरकारी अंतिम उपभोग व्यय + स्थिर पूंजी का उपभोग − शुद्ध निर्यात

(d) उपरोक्त में से कोई नहीं

19. मार्शल ने घटते प्रतिफल का सिद्धान्त निम्न में से किस उद्योग पर लागू किया था?

(a) कृषि (b) खान व वन

(c) बिल्डिंग (d) उपरोक्त सभी

20. वह वक्र जिस पर श्रम और पूंजी के विभिन्न संयोग समान उत्पादन प्रकट करते हैं, कहलाता है

(a) सममात्रा-वक्र

(b) समोत्पाद-वक्र

(c) उत्पादन उदासीनता-वक्र

(d) उपरोक्त सभी

21. $MRTS_{CL}$ तकनीकी स्थानापन्नता की सीमान्त दर की प्रवृत्ति कैसी होती है?

(a) घटती जाती है (b) बढ़ती जाती है

(c) स्थिर रहती है (d) इनमें से कोई नहीं

22. यदि श्रम और पूंजी लगभग समरूप हों जिससे एकदूसरे का पूर्ण स्थानापन्न हो, तो उन दोनों श्रम में स्थानापन्नता की लोच क्या होगी?

(a) इकाई (b) इकाई से कम

(c) शून्य (d) अनन्त

23. न्यूनतम लागत संयोग के लिए प्रथम आवश्यक शर्त के अनुसार सममात्रा वक्र का ढलान होना चाहिए

(a) समतागत रेखा के ढाल के बराबर

(b) साधनों की कीमतों के अनुपात के बराबर

(c) तकनीकी स्थानापन्नता की सीमान्त दर के बराबर

(d) उपरोक्त सभी

24. जब दो साधन स्थानापन्न हों और जब एक स्थानापन्न की कीमत कम होती है, तो स्थानापन्नता प्रभाव, उत्पादन प्रभाव

(a) के बराबर होता है (b) से बड़ा होता है

(c) से छोटा होता है (d) इनमें से कोई नहीं

25. उद्योग के अपने स्त्रोतों और सेवाओं का आरोपित मूल्य किस प्रकार की लागतें हैं?

(a) अंतर्निहित लागतें (b) लेखांकन लागतें

(c) सुनिश्चित लागतें (d) इनमें से कोई नहीं

26. प्रत्याशा की लोच (Elasticity of Expectation) निम्नलिखित में से किसकी माप है ?

(a) वांछित वृद्धि दर (b) प्रत्याशित निर्यात वृद्धि दर

(c) प्रत्याशित बेराजगारी दर (d) प्रत्याशित मुद्रास्फीति दर

27. LM वक्र का ढाल होता है–

(a) धनात्मक

(b) ऋणात्मक

(c) शून्य

(d) शून्य से अनन्त तक, विभिन्न सीमाओं में

28. फिशर के मुद्रा परिमाण सिद्धांत की प्रमुख आलोचना इसलिए है कि–

(a) यह सिद्धांत हमें यह नहीं बताता कि किस प्रकार मुद्रा की मात्रा में परिवर्तन कीमत स्तर को प्रभावित करता है।

(b) यह मुद्रा की पूर्त्ति को स्थिर मानकर मुद्रा की माँग पर अधिक बल देता है।

(c) यह मुद्रा के मूल्य में अल्पकालीन परिवर्तनों का विश्लेषण करता है।

(d) यह कीमत स्तर पर अधिक बल देता है।

29. मुद्रा के परिमाण सिद्धांत के अनुसार मुद्रा की पूर्त्ति एवं कीमत स्तर में–

(a) धनात्मक एवं अननुपातिक (Non-proportional) संबंध होता है।

(b) ऋणात्मक एवं अननुपातिक (Non-proportional)संबंध होता है।

(c) धनात्मक एवं आनुपातिक (Proportional) संबंध होता है।

(d) ऋणात्मक एवं आनुपातिक संबंध होता है।

30. मुद्रा के मूल्य का अर्थ है–

(a) मुद्रा की इकाई की वह शक्ति जिसके द्वारा उपयोगी वस्तुओं की निश्चित मात्रा प्राप्त की जा सकती है।

(b) क्रय शक्ति।

(c) वस्तुओं की वह मात्रा जो सामान्य रूप से मुद्रा की एक इकाई द्वारा विनिमय में प्राप्त होती है।

(d) उपरोक्त सभी।

31. पहला केम्ब्रिज अर्थशास्त्री जिसने नकदी शेष सिद्धान्त को समीकरण के रूप में प्रस्तुत किया था

(a) पीगू (b) राबर्टसन

(c) कीन्स (d) उपरोक्त में से कोई नहीं

32. वास्तविक शेष मात्रा समीकरण किस अर्थशास्त्री द्वारा नहीं दिया गया था?

(a) राबर्टसन (b) कीन्स

(c) पीगू (d) मार्शल

33. फिशर के लेन-देन सिद्धांत और केम्ब्रिज के नकदी शेष सिद्धांत के संदर्भ में क्या सत्य नहीं है?

(a) दोनों से अलग-अलग निष्कर्ष प्राप्त होते हैं

(b) दोनों में समान समीकरण हैं

(c) दोनों में मुद्रा समान तत्व के रूप में है

(d) उपरोक्त सभी

34. पीगू प्रभाव में निम्न में से कौन-सी मान्यता ली गयी?

(a) लचीली मजदूरी तथा कीमत स्तर

(b) मुद्रा का स्थिर स्टॉक

(c) (a) और (b) दोनों

(d) स्थिर कीमत

35. टोबिन का निवेश सूची चयन मॉडल निम्नलिखित में से किस सिद्धान्त के रूप में जाना जाता है?

(a) तरलता अधिमान सिद्धान्त

(b) जोखिम निवारण तरलता अधिमान सिद्धान्त

(c) मुद्रा की मांग का जोखिम निवारण सिद्धान्त

(d) उपरोक्त में से कोई नहीं

36. ताला जलविद्युत परीयोजना किस देश के साथ भारत की संयुक्त परियोजना है ?

(a) नेपाल (b) भूटान

(c) बांग्लादेश (d) पाकिस्तान

37. पवन ऊर्जा के उत्पादन में भारत की विश्व में कौन-सा स्थान है ?

(a) तीसरा (b) चौथा

(c) पाँचवां (d) छठा

38. परमाणु शक्ति सम्पन्न राष्ट्रों में भारत का विश्व में कौन-सा स्थान है ?

(a) पाँचवां (b) छठा

(c) सातवां (d) आठवां

39. भारत में परमाणु ऊर्जा कार्यक्रम का प्रारम्भ कब से हुआ माना जाता है ?

(a) 1947 ई० (b) 1948 ई०

(c) 1945 ई० (d) 1951 ई०

40. परमाणु ऊर्जा आयोग का गठन किस वर्ष हुआ ?
(a) 1945 ई० (b) 1947 ई०
(c) 1948 ई० (d) 1951 ई०

41. निम्नलिखित का अवलोकन कीजिए :
(1) पारस्परिक मांग
(2) साधन सम्पन्नताओं में परिवर्तन
(3) प्रौद्योगिकीय परिवर्तन
(4) आर्थिक वृद्धि
उपरोक्त में से व्यापार की शर्तों को प्रभावित करने वाले कारक कौन-से है?
(a) 1, 2 और 3 (b) 2, 3 और 4
(c) 1, 3 और 4 (d) 1, 2, 3 और 4

42. किसी देश के लिए व्यापार की शर्तें बेहतर हो जाएंगी
(a) प्रौद्योगिकी परिवर्तन से (b) आयात प्रशुल्क लगाने से
(c) अवमूल्यन से (d) उपरोक्त सभी

43. मुक्त व्यापार के पक्ष में निम्न में से कौन-से तर्क दिए जा सकते हैं?
(a) संसाधनों का इष्टतम उपयोग
(b) विस्तृत बाजार
(c) उत्पादन को अधिकतम करना
(d) उपरोक्त सभी

44. प्रशुल्क लगाने वाले देश की व्यापार शर्तें बेहतर हो जाती हैं और व्यापार की मात्रा
(a) बढ़ जाती है (b) कम हो जाती है
(c) स्थिर रहती है (d) उपरोक्त में से कोई नहीं

45. कोई देश आयात शुल्क लगाकर अपनी व्यापार शर्तें किस सीमा तक बेहतर बना सकता है यह बात किस पर निर्भर करती है?
(a) देश व विदेश में सापेक्ष मांग लोच
(b) देश व विदेश में सापेक्ष पूर्ति लोच
(c) (a) और (b) दोनों
(d) पारस्परिक मांग लोच

46. रिजर्व बैंक के किस अधिनियम के द्वारा केन्द्रीय बैंक के महत्वपूर्ण कार्यों को स्वयं करने को सौंपा गया है ?
(a) रिजर्व बैंक अधिनियम 1934
(b) रिजर्व बैंक अधिनियम 1935
(c) रिजर्व बैंक अधिनियम 1936
(d) रिजर्व बैंक अधिनियम 1938

47. पंजाब नेशनल बैंक की स्थापना कब हुई ?
(a) 1894 में (b) 1905 में
(c) 1901 में (d) 1881 में

48. भारत में कब उदार विनिमय-दर प्रबन्धन व्यवस्था (LERMS) लागू की गयी ?
(a) 1991 (b) 1992
(c) 1993 (d) 1994

49. अन्तर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष का भारत सदस्य कब बना ?
(a) 1949 में (b) 1948 में
(c) 1947 में (d) 1946 में

50. किस बैंकिंग कम्पनी अधिनियम के द्वारा रिजर्व बैंक को समग्र बैंक व्यवस्था को निर्देश देने का अधिकार मिला है ?
(a) 1956 बैंकिंग अधिनियम
(b) 1949 बैंकिंग अधिनियम
(c) 1950 बैंकिंग अधिनियम
(d) उपर्युक्त में कोई नहीं

51. वर्ष 2030 तक शहरी जनसंख्यार कहाँ तक पहुँचने की सम्भावना है?
(a) 5.0 बिलियन (b) 8.2 बिलियन
(c) 6.0 बिलियन (d) 7.2 बिलियन

52. पहला जल विद्युत शक्ति गृह कब प्रारम्भ हुआ था?
(a) 1899 (b) 1898
(c) 1897 (d) 1895

53. पहला जल विद्युत शक्ति गृह कहाँ प्रारम्भ हुआ था?
(a) दार्जिलिंग (b) शिमला
(c) मसूरी (d) नैनिताल

54. मनी ऑडर प्रणाली भारत में कब से लागू की गई थी?
(a) 1875 (b) 1880
(c) 1985 (d) 1890

55. अन्तर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (I.M.F) की स्थापना कब हुई थी?
(a) दिसम्बर 27, 1945 (b) अगस्त 15, 1947
(c) मई 1, 1947 (d) अप्रैल 13, 1947

56. भारत के कुछ औद्योगिक निर्यातों में लघु लोगों का योगदान लगभग है–
(a) एक तिहाई (b) एक चौथाई
(c) 50 प्रतिशत (d) दो तिहाई से अधिक

57. एक शीर्ष संस्था के रूप में लघु उद्योगों की निरन्तर प्रगति के लिए 'लघु उद्योग विकास संगठन' (SIDO) की स्थापना कब की गई थी ?
(a) 1954 ई० (b) 1956 ई०
(c) 1964 ई० (d) 1980 ई०

58. लघु उद्योग विकास संगठन (SIDO) द्वारा पंजीकृत लघु औद्योगिक इकाइयों की अखिल भारतीय गणना कितनी बार की जा चुकी है ?
(a) एक बार (b) दो बार
(c) तीन बार (d) चार बार

59. भारत में औद्योगिक वित्त का शिखर संगठन है–
(a) I.D.B.I. (b) R.B.I.
(c) I.C.I.C.I (d) I.F.C.I.

60. निम्नलिखित में कौन-सी संस्था उद्योगों को दीर्घकालीन वित्त उपलब्ध कराती है ?
(a) U.T.I. (b) L.I.C
(c) G.I.C. (d) इनमें से सभी

61. भारत में कर्मचारियों के महंगाई भत्ते के निर्धाराण का आधार क्या है?
(a) राष्ट्रीय आय (b) उपभोक्ता मूल्य सूचकांक
(c) जीवन स्तर (d) प्रतिव्यक्ति आय

62. राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक नाबार्ड की स्थापना किस पंचवर्षीय योजना अवधि में की गई थी?
(a) चौथी (b) पांचवीं
(c) छठवीं (d) आठवीं

63. केन्द्रि सरकार को भारतीय रिजर्व बैंक की शुद्ध साख में वृद्धि किस प्रकार के बजट घाटे को प्रदर्शित करती है?
(a) बजटीय घाटा (b) राजस्व घाटा
(c) राजकोषीय घाटा (d) मौद्रिकृत घाटा

64. कालेधन पर अंकुश के लिए निम्नलिखित में से किस राशि से अधिक मूल्य के किसी भी क्रय-विक्रय के मामले में 'पैन' का उल्लेख अनिवार्य है?
(a) Rs. 20 हजार (b) Rs. 50 हजार
(c) Rs. 1 लाख (d) Rs. 2 लाख

65. ऐसा कौन-सा गरीबी उन्मूलन कार्यक्रम चलाया गया था जिसमें बैंकों की महत्वपूर्ण भूमिका थी?
(a) आई.आर.डी.पी.
(b) न्यूनतम आवश्यकता कार्यक्रम
(c) रोजगार बीमा योजना
(d) जवाहर रोजगार योजना

66. मूल्य नियंत्रण के उपायों में से कौन-सा उपाय लम्बे समय में अधिक प्रभावी होता है ?
(a) आधिक्य का बजट (b) अप्रत्यक्ष करों में कमी
(c) उत्पादन में वृद्धि (d) अप्रत्यक्ष करों में वृद्धि

67. बैंक साख सृजन किस आधार पर करते हैं ?
(a) प्रतिभूतियों के आधार पर
(b) नकद जमाओं के आधार पर
(c) बिना किसी आधार के
(d) कुल परिसम्पत्ति के

68. नाबार्ड के आर्थिक स्रोत हैं
(a) चाय कम्पनियाँ
(b) ग्रामीण आधारभूत सुविधा विकास निधि
(c) पूँजी
(d) उपरोक्त सभी

69. एक तटस्थता वक्र पर उपभोक्ता यदि X वस्तु की मात्रा बढ़ाना चाहता है, तो उसे Y वस्तु की मात्रा कम करनी पड़ती है, क्योंकि
(a) X एवं Y वस्तुएँ एक-दूसरे की पूरक हैं
(b) X एवं Y वस्तुएँ एक-दूसरे के प्रतिस्थापन पदार्थ हैं
(c) उपभोक्ता को तटस्थता वक्र के सभी बिन्दुओं से समान सन्तुष्टि प्राप्त होती है
(d) उपभोक्ता स्वयं निर्णय करने में असमर्थ होता है

70. माँग का आशय है
(a) वस्तु को क्रय करने की इच्छा
(b) क्रय करने की इच्छा व शक्ति
(c) इच्छा, शक्ति व व्यय करने की इच्छा

71. अन्तर्राष्ट्रीय मुद्राकोष के वित्तीय साधनों में सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण है
(a) सदस्यों का अभ्यंश (b) विश्व बैंक से प्राप्त सहायता
(c) अन्य देशों से ऋण (d) स्वर्ण की बिक्री

72. एशियाई विकास को सर्वाधिक ऋण किस देश से प्राप्त होता है ?
(a) चीन से (b) भारत से
(c) अमेरिका से (d) जापान से

73. अन्तर्राष्ट्रीय वित्त निगम की स्थापना का उद्देश्य था
(a) निजी उद्यम को प्रोत्साहन देना
(b) पूँजी व प्रबन्ध को एकीकृत करना
(c) विदेशी पूँजी को प्रोत्साहन देना
(d) ये सभी

74. प्रो. पीगू के अनुसार, विभेदीकरण के प्रकारों की संख्या है
(a) 5 (b) 4
(c) 3 (d) 2

75. अल्पाधिकार की दशा में विक्रेताओं की संख्या होती है
(a) अधिक (b) कम
(c) अत्यधिक (d) क्रेताओं के बराबर

76. गिफिन वस्तुओं के लिए आय प्रभाव–
(a) शून्य होता है।
(b) ऋणात्मक होता है।
(c) धनात्मक होता है।
(d) कभी ऋणात्मक तो कभी धनात्मक होता है।

## उत्तर (Answers)

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | (a) | 2. | (a) | 3. | (c) | 4. | (a) | 5. | (a) |
| 6. | (a) | 7. | (b) | 8. | (c) | 9. | (a) | 10. | (a) |
| 11. | (d) | 12. | (a) | 13. | (c) | 14. | (d) | 15. | (d) |
| 16. | (a) | 17. | (a) | 18. | (a) | 19. | (a) | 20. | (d) |
| 21. | (a) | 22. | (d) | 23. | (d) | 24. | (b) | 25. | (a) |
| 26. | (d) | 27. | (a) | 28. | (a) | 29. | (c) | 30. | (d) |
| 31. | (a) | 32. | (b) | 33. | (a) | 34. | (c) | 35. | (b) |
| 36. | (b) | 37. | (c) | 38. | (b) | 39. | (b) | 40. | (c) |
| 41. | (d) | 42. | (d) | 43. | (d) | 44. | (b) | 45. | (c) |
| 46. | (a) | 47. | (a) | 48. | (d) | 49. | (b) | 50. | (b) |
| 51. | (a) | 52. | (c) | 53. | (a) | 54. | (b) | 55. | (a) |
| 56. | (a) | 57. | (a) | 58. | (c) | 59. | (a) | 60. | (d) |
| 61. | (b) | 62. | (c) | 63. | (d) | 64. | (b) | 65. | (a) |
| 66. | (d) | 67. | (c) | 68. | (d) | 69. | (c) | 70. | (c) |
| 71. | (d) | 72. | (c) | 73. | (c) | 74. | (c) | 75. | (a) |